I/480/2022

फा.सं. मु-गो11011/15/2022-गो1/1 (E-892)

कर्मचारी चयन आयोग

***

विषय: संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा (सीएचएसएल), 2021 (टियर-I)- दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के अतिरिक्त परिणाम के संबंध में।

संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2021 के टियर-I का परिणाम दिनांक 04.08.2022 को घोषित किया गया था, जिसमे कुल 54,104 अभ्यर्थियों ने टियर-II (वर्णनात्मक) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। अभ्यर्थियों के अंक आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 11.08.2022 से 30.08.2022 की अवधि के लिए अपलोड किए गए थे।

2. कुछ दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के प्रतिवेदनों की जांच करने पर यह पाया गया कि कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण, कुछ दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के नाम पर उनकी संबंधित क्षैतिज श्रेणियों (अ.दि., श्र.दि., दृ.दि. एवं अन्य दि.) में विचार नहीं किया जा सका था।

3. इस मुद्दे का अब निपटान कर दिया गया है और अतिरिक्त 237 अभ्यर्थियों (अ.दि.-37, श्र.दि.-72, दृ.दि. -76 और अन्य दि.-52) को टियर- II (वर्णनात्मक) परीक्षा [सूची -1] में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

4. इसके अलावा, 04.08.2022 को घोषित टियर-I परीक्षा के शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची में 28 अभ्यर्थियों की पीडब्ल्यूडी श्रेणियों को प्रतिबिंबित नहीं किया गया था। इन अभ्यर्थियों की संशोधित श्रेणी का विवरण सूची-2 में दिया गया है।

5. टीयर-I परीक्षा के दिनांक 04.08.2022 के उक्त परिणाम के अन्य विवरण और ब्योरे समान रहेंगे।

अवर सचिव (गो-1/1)
02.09.2022

****